*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

# हिंदी की त्रिवेणी राजभाषा प्रदर्शनी उदघाटित

# महाप्रबंधक एस. के. सूद ने किया अवलोकन

वर्धा दि. 18 दिसंबर 2015: मध्य रेल नागपुर, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में वर्धा रेल स्टेशन पर आयोजित 'हिंदी की त्रिवेणी राजभाषा प्रदर्शनी' का उदघाटन शुक्रवार को मध्य रेल मुंबई के महाप्रबंधक एस. के. सूद ने



किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मध्य रेल मुंबई के मुख्य राजभाषा अधिकारी एस. के. कुलश्रेष्ठ, मध्य रेल नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक ओ. पी. सिंह, विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधानमंत्री प्रो. अनंतराम त्रिपाठी, प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, डॉ. हेमचंद्र वैद्य, रेलवे की राजभाषा अधिकारी पूर्णिमा



सुरडकर, डॉ. ओ. पी. गुप्ता, नरेंद्र दंढारे, मुरलीधर बेलखोडे, बी. एस. मिरगे, गिरीश पांडे, डॉ. अमित विश्वास सहित रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुखता से उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप




प्रज्ज्वलन कर प्रदर्शनी का उदघाटन किया गया। महाप्रबंधक सूद का स्वागत प्रतिकुलपति प्रो.

चित्तरंजन मिश्र, प्रो. अनंतराम त्रिपाठी एवं पूर्णिमा सुरड़कर ने किया। विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रभाषा की ओर से सूद का ग्रंथ भेंट कर स्वागत किया गया।




इस प्रदर्शनी में मध्य रेल, हिंदी विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रभाषा प्रचार समिति ने हिंदी के विकास से संबंधित प्रदर्शनी लगाकर अपनी सहभागिता की। महाप्रबंधक एस. के. सूद और अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रसंन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से



किया गया। कार्यक्रम संचालन प्रो. सुरेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर अनिल नरेडी, इमरान राही,

अविनाश सातव, रमेश केला, राजेंद्र घोडमारे, अनिल देशमुख आदि सहित अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए रवि वानखेडे, रजत देशमुख, अजय यादव, धीरेश ओझा, सुरेश यादव, सचिन बोडखे, प्रत्यूष शुक्ला, दिनेश मिश्रा आदि ने प्रयास किये।